हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 22 जनवरी 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

06 करोड़ों की लागत का सीसीकरण साल भर...



09 तहसील कार्यालय में कांग्रेस का जोरदार...



## खबर संक्षेप

### प्रभारी मंत्री लखन पटेल ध्वजारोहण करेंगे

**विदिशा।** जिला मुख्यालय पर आयोजित होने वाले 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग के (स्वतंत्र प्रभार) राज्यमंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री लखन पटेल ध्वजारोहण कर परेड़ की सलामी लेंगे। उक्त कार्यक्रम पुलिस परेड ग्राउण्ड पर आयोजित किया जाएगा।

### गणतंत्र समारोह पर रौशनी के निर्देश दिए

**विदिशा।** गणतंत्र दिवस 26 जनवरी की सायंकाल को जिले के सभी सार्वजनिक भवनों एवं राष्ट्रीय महत्व की इमारतों पर प्रकाश की व्यवस्था करने के निर्देश सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी किए गए है। ततसंबंध में कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता ने समस्त विभागों के जिलाधिकारियों, निकायों, जनपदो के अधिकारियों को भी आवश्यक निर्देश जारी कर दिए है 0

### डीएलसीसी की बैठक आज होगी

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में डीएलसीसी की बैठक आज गुरुवार 22 जनवरी को बेतवा सभागार में होगी। बैठक में आरबीआई के डीफ फंड और 10 सालों से निष्क्रिय पड़े शासकीय खातों की समीक्षा की जाएगी। बैठक में ब्याज अनुदान सब्सिडी की समीक्षा की जाएगी। लीड बैंक मैनेजर बीएस बघेल ने बताया कि सितंबर 2025 तिमाही में जिले की बैंकिंग विकास की समीक्षा होगी। इसके अलावा शासन की विभिन्न योजनाएं की समीक्षा की जाएगी। कलेक्टर के द्वारा बारीकी से समीक्षा की जाएगी। जिसमें डेयरी, केसीसी और जरूरतमंद वर्ग के कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं पर चर्चा की जाएगी।

### किसानों की उपज तौल में अवैध वसूली, आरोप

**विदिशा।** कृषि उपज मंडी में इलेक्ट्रानिक तौल होने के बावजूद किसानों से अवैध वसूली का मामला सामने आया है। ग्राम करारिया निवासी किसान शरीफ अहमद ने मुख्यमंत्री को शिकायत भेजते हुए बताया है कि उन्होने कृषि उपज मंडी में गेंहू बेचा, जिसे एजेएस ओवरसीज कंपनी द्वारा खरीदा गया। उन्होने तौल के लिए हम्मालों को 400 रुपये का भुगतान किया। इसके बाद कंपनी ने मील पर तौल कराई तो वहां पर प्रति क्विंटल 300 ग्राम वजन कम कर दिया गया। साथ ही इलेक्ट्रानिक कांटे से तौलने के बावजूद 883 रुपये काट लिये गए। 96 क्विंटल गेंहू 2600 रुपए प्रति क्विंटल पर नीलाम हुआ था। किसान का कहना है कि यह राशि भुगतान में से नहीं काट सकते हैं, जबकि वे हम्मालों को 400 रुपये हम्माली के पहले ही दे चुके थे।

### धर्मेन्द्र यादव बने यादव महासभा के जिलाध्यक्ष

**शमशाबाद।** अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश यादव के आदेशानुसार अखिल भारत यादव महासभा जिला विदिशा ग्रामीण इकाई का विस्तार करते हुए ग्राम पंचायत नहरयाई के सरपंच धर्मेंद्र यादव को जिला अध्यक्ष (ग्रामीण) पद पर मनोनीत किया गया है। नव नियुक्त जिला अध्यक्ष बनने पर समर्थकों एवं समाजजनों ने महानीम चौराहा ,शमशाबाद पर फूल-मालाओं से नव नियुक्त जिला अध्यक्ष का स्वागत किया।

### तेजगति से बस ने रौंदा मौके पर ही मौत

**विदिशा।** शहर के मुखर्जीनगर स्थित एक निजी अस्पताल से घर जा रहे व्यक्ति को अलसुबह करीब 5 बजे तेजगति से आ रही बस ने रोंद दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक यात्री बस एक्सीडेंट के बाद बाइक को करीब एक किलोमीटर तक घसीटते हुए ले गई। मृतक के पुत्र बृजेश बाल्मिकी ने बताया कि उनके पिता अस्पताल से अपने घर जा रहे थे। अंधेरे में तेजगति से जा रही बस ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

## अयोध्या के राजकुमारों की बारात में शामिल होने उमड़ पड़ा शहर, जगह-जगह उतारी गई आरती

# दूल्हा बने राम-लक्ष्मण, भरत और शत्रुघन की बारात में शामिल होने उमड़ा शहर

***विदिशा में 125 वर्षों से चल रही अनवरत श्रीरामलीला मेला समिति के द्वारा माधवगंज से राम बरात निकाली गई। भगवान श्रीराम जी सहित लक्ष्मण, भरत और शत्रुघन दूल्हा बने और पूरा शहर बाराती बन शामिल हुआ। नगर के राजनैतिक दलों सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों ने मंच लगाकर पुष्पों की बरसा कर बारात का स्वागत किया। कांग्रेस ने पहली बार मंच लगाकर स्वागत किया।***



विदिशा। दूल्हा बने प्रभू श्रीराम अपने भाईयों के साथ सजधज कर बारात लेकर निकले तो पूरे शहर ने उतारी आरती।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

विदिशा की ऐतिहासिक रामलीला इस बार अपने 125वें वर्ष में विशेष उत्साह के साथ मनाई जा रही है। बुधवार को राम बारात की भव्य शोभायात्रा निकली, जिसमें पूरा नगर बाराती बनकर शामिल हुआ। माधवगंज चौराहे से शुरू हुई यह यात्रा 4 किलोमीटर दूर रामलीला मैदान तक पहुंचने में 8 घंटे लगे। बारात में राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न घोड़ों पर सवार होकर निकले, जबकि दशरथ और वशिष्ठ रथों पर विराजमान थे। विभिन्न वाहनों और पालकियों में ऋषि-मुनि, पंडित, राजकुमार और नगरवासी सजे हुए थे। मार्ग में मंगल कलश, तोरण और बंदनवारों से सजावट की गई थी। इस वर्ष की रामलीला में कई अनोखी विशेषताएं जुड़ीं। बजरिया में रास मंडली ने मनमोहक प्रस्तुति दी, जबकि पूरे मेन रोड पर व्यापक तैयारी देखी गई। चारों राजकुमारों के लिए मथुरा से विशेष वस्त्राभूषण मंगाए गए, जिनकी कीमत करीब 5 लाख रुपये आंकी गई। इनमें किरीट, कुंडल, मालाएं, हृदय आभूषण और किरण शामिल थे। राम का कलेवर नीला रखा गया, जिसमें कंधे से पैर तक लंबा राजसी अंगरखा, बाजूबंद, करधनी और दाहिने हाथ में कोदंड धनुष धारण किया गया। लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न भी इसी तरह सजे थे, जिससे बारात की रौनक बढ़ गई। 500 से अधिक स्थानों पर फूलमालाओं, आरती और न्योछाबर से बारातियों का सम्मान-शोभायात्रा स्टेशन स्थित शिवालय से शाम 4 बजे शुरू हुई। परंपरा के अनुसार, कांच मंदिर में विश्वेश्वर महादेव की पूजा-अर्चना के बाद द्वार निकासी की रस्म पूरी की गई। सबसे आगे रोड लाइट और बैंडबाजे चल रहे थे, उसके पीछे डीजे पर संगीत की धुनें बज रही थीं। नगर के प्रमुख बैंडों के अलावा पहली बार भोपाल का जगदीश बैंड जुड़ा, जिसमें 50 से अधिक सदस्यों ने हिस्सा लिया। बारात प्रमुख मार्गों से गुजरती हुई रामलीला जनकपुरी पहुंची। वहां जनक ने अगवानी की और अभूतपूर्व स्वागत किया। शहरवासी बड़ी संख्या में साथ चले। रामलीला मैदान को जनकपुरी की तरह सजाया गया था। चार पालकियां तैयार की गईं, जिन्हें उठाने के लिए 30 कहार लगाए गए। इस उत्सव का इतिहास 1980 से जुड़ा है।



विदिशा। बारात में शामिल हुए शहरवासी।



विदिशा। बारात में शामिल प्रभु श्रीराम के परिजन एवं मेहमान।



विदिशा। बारात में इस बार भोपाल से आए बैंड की प्रस्तुति रही आकर्षक।

### मतदाता दिवस मनाने बजट आवंटित हुआ

**विदिशा।** 25 जनवरी को आयोजित होने वाले 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जिला एवं बूथ स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाने हेतु प्रति मतदान केन्द्र हेतु 250-250 रुपए के मान से बजट आवंटन उपलब्ध कराया गया है।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी मोहनी शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस के आयोजन एवं संबंधित भुगतान की कार्यवाही को समय-सीमा में पूर्ण किए जाने के लिए समस्त विधानसभावार संबंधित बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) के बैंक खाता क्रमांक की जानकारी निर्धारित प्रारूप में तैयार की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि उक्त जानकारी सॉफ्ट एवं हार्ड कॉपी दोनों स्वरूपों में तत्काल जिला निर्वाचन कार्यालय को प्रेषित की जाए, ताकि बजट राशि का भुगतान नियत समय में सुनिश्चित किया जा सके।

## ऑनलाइन गेम से ठगी करने वाले 30 खातों सहित हिरासत में दो आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

सिविल लाइंस पुलिस विदिशा ने 30 ऐसे बैंक खातों को पहचाना हैं जिनसे ठगी की वारदात को अंजाम दिया जा रहा है। सिविल लाइंस पुलिस ने दो युवक विनय माथुर और कृष्णकांत कुर्मी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरु कर दी है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत चौबे ने जानकारी देते हुए बताया कि इन बैंक खातों से लाखों रुपये के लेनदेन होने की जानकारी सामने आई है। हिरासत में लिये गये युवकों ने बैंक खातों से राशि की हेराफेरी करने की बात स्वीकार कर ली है। संदिग्धों का कहना है कि उन्होने यह बैंक खाते टैक्स बचाने के लिए उपयोग किये हैं। वे आनलाइन गेम से यह राशि हासिल करते हुए टैक्स बचाने के लिए इन बैंक खातों में ट्रांसफर कर निकाल लेते थे। एएसपी श्री चौबे ने संदेह जताते हुए बताया है कि आनलाइन फ्रॉड और साइबर अपराध में भी इन बैंक खातों का उपयोग हुआ हो तो इससे इंकार नहीं किया जा सकता है। क्योंकि इन खातों में जहां लाखों रुपये के लेनदेन सामने आए हैं वहीं छोटे-छोटे लेनदेन भी हुए हैं। इन सभी बैंक खातों के विवरण बैंकों से प्राप्त किये जा रहे हैं। साथ ही हिरासत में लिये गये युवकों से पूछताछ की जा रही है। इन युवकों से भी आनलाइन साइबर फ्रॉड की अहम जानकारी मिलेगी। विदिशा जिले में इस तरह के बैंक खातों का संचालन करने वाले पहले भी पकड़ाए जा चुके हैं।

ऑनलाइन ठगी और साइबर अपराधों को अंजाम देने वाले गिरोह अब देशभर के दूर दराज के लोगों को लालच देकर उनके बैंक खातों का उपयोग कर लाखों रुपये की हेराफेरी कर रहे हैं। पकड़ाते हैं तब तक वे पुलिस की पकड़ से दूर हो जाते हैं और लालच में आकर अपने खातों को दुरुपयोग करने वाले दबोचे जाते हैं। हालांकी विदिशा पुलिस इस तरह के ठगों को पकड़ने की अभ्यस्त हो चुकी है लेकिन इस तरह के गिरोह और गैंगस का खात्मा करने के लिए राष्ट्रीयस्तर पर अभियान चलाए जाने की आवश्यकता है।

### औद्योगिक प्लाटों की आवंटन प्रक्रिया शुरु

**विदिशा।** औद्योगिक क्षेत्र कंजना गंजबासोदा में रिक्त औद्योगिक भूखण्डों के आवंटन हेतु 01 फरवरी 2026 की प्रातः 11 बजे से 15 फरवरी 2026 शाम पांच बजे तक एक्सप्रेशन ऑफ इन्टरेस्ट आमंत्रित किए हैं। प्रक्रिया विभागीय पोर्टल पर संपन्न की जाएगी। शर्तें निम्नानुसार हैं प्रत्येक भूखण्ड हेतु आवेदन शुल्क 5 हजार रुपए देय होगा। आवेदन शुल्क वापसी योग्य नहीं होगा। भूमि हेतु आवेदन दिनांक को 25 प्रतिशत अग्रिम राशि ऑनलाईन जमा होगी। आवंटन औद्योगिक भूमि तथा भवन आवंटन एवं प्रबंधन नियम 2025 के प्रावधान अनुसार किया जाएगा। नियम, प्रक्रिया भूखण्डों की विस्तृत जानकारी वेबसाईट www.mpmsme.gov.in एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, विदिशा से प्राप्त की जा सकती है।

## नटेरन में अवैध उत्खनन पर सख्त कार्रवाई, सामग्री जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

नटेरन एसडीएम अजय प्रताप सिंह पटेल के निर्देशन में आज तहसीलदार, खनिज निरीक्षक एवं राजस्व निरीक्षक की उपस्थिति में अवैध उत्खनन के विरुद्ध कार्यवाही की गई।

एसडीएम श्री पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम जोहद में अवैध उत्खनन हेतु रखी गई पनडुब्बी, पाइप, छनना आदि उपकरण एवं सामग्री की जब्ती की गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में अवैध खनन किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा ऐसे मामलों में सख्त एवं निरंतर कार्यवाही जारी रहेगी। प्रशासन द्वारा राजस्व एवं खनिज संसाधनों के संरक्षण हेतु नियमित निरीक्षण एवं निगरानी की जा रही है। एसडीएम ने प्रकरण बनाया है।

## विदिशा में सीएम की घोषणाओं की प्रमुख सचिव ने की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के निर्देशों का पालन कितना हुआ है और प्रगति की स्थिति जानने के लिए प्रमुख सचिव अनुराग जैन ने विदिशा के कार्यों के संबंध में वीसी के माध्यम से समीक्षा करते हुए जायजा लिया।

सीएमी अध्यक्षता में सम्पन्न हुई कलेक्टर्स कांफ्रेस एवं कलेक्टर-पुलिस अधीक्षक कांफ्रेंस में दिए गए निर्देशों पर की गई कार्यवाही के पालन प्रतिवेदन का जायजा मुख्य सचिव ने आज वीसी से लिया।

मुख्य सचिव के प्रतिकक्ष मंत्रालय में आयोजित बैठक में जिन बिन्दुओं पर वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से पालन प्रतिवेदन की समीक्षा की गई है। उनमें कानून व्यवस्था, सुशासन, कृषि एवं संवंद्ध क्षेत्र, स्वास्थ्य एवं पोषण, नगरीय विकास के विषय इत्यादि शामिल थे। विदिशा एनआईसी व्हीसी कक्ष में कलेक्टर अंशुल गुप्ता, एसपी रोहित काशवानी, डीएफओ हेमंत यादव, एडीएम अनिल डामोर सहित विभागों के जिलाधिकारी मौजूद रहे।

## मतदाता सूची में फार्मों के दुरुपयोग की आशंका पर कांग्रेसी कलेक्टर से मिले

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा किये जा रहे एसआईआर सर्वे में मतदाता सूची में फार्म 6, 7, 8 के दुरुपयोग के संबंध में जिला कांग्रेस कमेटी का प्रतिनिधि मंडल बुधवार को कलेक्टर से मिला।

कलेक्टर अंशुल गुप्ता से मिलकर कांग्रेसी नेताओं ने उक्त फार्म के दुरुपयोग को रोकने की मांग रखी। प्रतिनिधि मंडल में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहित रघुवंशी, पूर्व विधायक निशंक कुमार जैन,



पूर्व जिलाध्यक्ष कमल सिलाकारी, सिंधु विक्रम सिंह, गगनेंद्र रघुवंशी, रानी अहिरवार, सुरेंद्र रघुवंशी, मजाज मोहम्मद, रजनीश जैन, इरशाद खान, बीडी शर्मा सहित अन्य कांग्रेसी नेता प्रतिनिधिमंडल में शामिल रहे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी सुशील शर्मा ने दी

## अनर्गल बोलने वाले बौद्ध पर 10 हजार का इनाम

### भीमआर्मी की सभा में दीपक बौद्ध ने गलत बोला था

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा।

सिरोंज में गत दिनों भीम आर्मी के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भगवान श्रीराम के बारे में भ्रामक और असत्य और अनर्गल भाषण देने वाले दीपक बौद्ध पर पुलिस ने 10 हजार रुपये का ईनाम घोषित किया।

पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के द्वारा सिरोंज थाना में दर्ज अपराध क्रमांक 12/2026 की विभिन्न धाराओं का फरार आरोपी दीपक बौद्ध निवासी मंडीबामौरा जिला सागर की सूचना देने वालों को दस हजार रूपए की नगद राशि देने की उद्घोषणा की है। सूचनाकर्ता चाहे तो उसका नाम गोपनीय रखा जाएगा। दीपक बौद्ध को गिरफ्तार करने के लिए जिलेभर में प्रदर्शन और ज्ञापन दिये गये हैं। इसके बाद भी पुलिस आरोपी को पकड़ने में नाकामयाब रही। अंततः एसपी रोहित काशवानी ने आरोपी को पकड़वाने की सूचना देने वाले व्यक्ति को 10 हजार रुपये का ईनाम देने की घोषणा कर दी है। रघुवंशी समाज के जिलाध्यक्ष मोहर सिंह रघुवंशी के नेतृत्व में जिलेभर में तहसील मुख्यालयों पर ज्ञापन दिये गये हैं। रघुवंशी समाज सहित सनातन समाज के विभिन्न संगठनों ने आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने की स्थिति में उग्र आंदोलन की चेतावनी दी रखी है। दीपक बौद्ध मंडीबामोरा का रहने वाला है।

भीम आर्मी द्वारा भी ज्ञापन सौंपकर दीपक बौद्ध से पल्ला छुड़ाने का प्रयास किया जा चुका है। भीम आर्मी का तर्क है कि उसने पर्ची भेजकर बोलने का निवेदन किया था। इसमें भीम आर्मी की कोई गलती नहीं है। लेकिन यह सब बचने के लिए है।

## विदिशा में शीघ्र खुलने जा रहा है वैदिक गुरुकुल

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

भक्तिवेदांत स्वामी श्रील प्रभुपाद की परिकल्पना अनुसार वैदिक परंपराओं के विस्तार और संरक्षण के लिए विदिशा में गुरुकुल का निर्माण होने जा रहा है।

भक्तिवेदांत विद्याभवन के चेयरमेन अमन ठाकुर का कहना है कि तिरूपति बालाजी के पंडितों के द्वारा विधिविधान से मंदिर का भूमिपूजन 25 जुलाई को होने जा रहा है। मंदिर का निर्माण विदिशा से भोपाल रोड पर सांची के पास कमापार गांव में इसका निर्माण होगा। यहां पर बच्चों को रहने के साथ शिक्षा और सभी सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी।




विदिशा। विदिशा सांची के बीचभोपाल रोड पर कमापार मंदिर के पास बनाया जाएगा वैदिक गुरुकुल।

भक्तिवेदांत स्वामी श्रील प्रभुपाद के अनुयायी सर्वसाक्षी दास के अनुसार गुरुकुल का भूमिपूजन एवं संकर्षध महायज्ञ का आयोजन 25 जनवरी की सुबह 11 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक होगा। इस आयोजन में मुख्य यजमान परिवार द्वारा विधिवत भूमिपूजन संपन्न कराया जाएगा। इस आयोजन में एचजी दास गदाधर प्रभू, राजेश माथुर, रितुज एलिया, जेएस चौहान अतिथि रहेंगे। घनश्याम बंसल, नीरज चौरसिया, पलाश अग्रवाल, केके गुप्ता, राधेश्याम माहेश्वरी, रत्नेश गर्ग, अशोक नामदेव, रमेश ठाकुर, राजीव ठाकुर आदि रहेंगे।



## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2800
उच्चतम भाव-6290
सरसों
न्यूनतम भाव-4430
उच्चतम भाव-6910
चना
न्यूनतम भाव- 4200
उच्चतम भाव- 5582
मसूर
न्यूनतम भाव-5200
उच्चतम भाव-6200
ज्वार
न्यूनतम भाव-2500
उच्चतम भाव-7401
मक्का
न्यूनतम भाव-1200
उच्चतम भाव- 1673
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-1740
उच्चतम भाव-3530
धान
न्यूनतम भाव-1700
उच्चतम भाव-4017
धनिया
न्यूनतम भाव-5800
उच्चतम भाव-9750
बटरी
न्यूनतम भाव-3100
उच्चतम भाव-3760
गेंहू
न्यूनतम भाव-2200
उच्चतम भाव-3465
उडद
न्यूनतम भाव-5000
उच्चतम भाव-6710
मूंग
न्यूनतम भाव-5600
उच्चतम भाव-5600

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मण्डी में बुधवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 24483 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## शासकीय वेयर हाउस में निर्माण एजेंसी ने किया गुणवत्ताहीन कार्य

# करोड़ों की लागत का सीसीकरण साल भर भी नहीं टिक सका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



गंजबासौदा। वेयर हाउस परिसर में सीसीकरण उखड रहा है।



गंजबासौदा। वेयर हाउस के पीछे की ओर की सीसी भी पूरी उखड गई है

शासकीय निर्माण कार्य जिम्मेदार अधिकारियों के मार्गदर्शन में कितने गुणवत्ता के साथ किए जाते हैं, इसे नगर के बंजारी माता मंदिर के पास सरकारी वेयर हाउस के सीसीकरण को देखकर समझा जा सकता है। इस वेयर हाउस परिसर में करोड़ों की लागत से कराया गया सीसीकरण निर्माण के बाद पहली बरसात में ही उखड़ने लगा था और अब तो हालत यह हो गई है कि पूरे परिसर में सीसीकरण की गिट्टियां और सीमेंट युक्त धूल उड रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 2023 में मप्र वेयर हाउसिंग एंड लाजिस्टिक कार्पोरेशन द्वारा शासकीय वेयर हाउस परिसरों में सीसीकरण कराया गया था। इसी के तहत नगर के त्योंदा रोड पर जीवाजीपुर स्थित शासकीय वेयर हाउस और उसके बाद बरेठ रोड पर बंजारी माता मंदिर के पास स्थित वेयर हाउस परिसरों में सीसीकरण कराया गया।

इन दोनों ही निर्माण कार्यों में संबंधित तकनीकी विभाग के अधिकारियों ने गुणवत्ता पर कोई ध्यान नहीं दिया और इसका लाभ निर्माण एजेंसी ने उठाते हुए मनमाने और गुणवत्ताहीन ढंग से सीसीकरण कर दिया गया। जीवाजीपुर स्थित वेयर हाउस के सीसीकरण में तो निर्माण के तुरंत बाद ही खराब गुणवत्ता सामने आने लगी थी। जिसके बाद उसमें सुधार कराया गया था। जबकि बंजारी माता मंदिर के पास स्थित शासकीय वेयर हाउस परिसर में करोडों की लागत के सीसीकरण में गुणवत्ता पर बिलकुल भी ध्यान नहीं दिया गया।

परिणाम स्वरूप पूरे परिसर की आरसीसी सड़क उखड़ चुकी है और गिट्टियां बाहर निकल रही हैं, सीमेंट युक्त धूल के गुब्बारे उड़ रहे हैं। जिस कारण वाहनों के आने जाने में परेशानी हो रही है। बताया जाता है कि सीसीकरण की खराब स्थिति को देखते हुए मध्य प्रदेश वेयर हाउसिंग एंड लॉजिस्टिक कॉरपोरेशन के गंजबासौदा शाखा प्रबंधक रविकांत सिंह ने 11 नवंबर 2025 को क्षेत्रीय प्रबंधक भोपाल को पत्र भी लिखा था, लेकिन आज दिनांक तक इस पत्र पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

उल्लेखनीय है कि सीसीकरण सड़क उखड़ने के कारण इस बार की धान की खरीदी भी यहां नहीं हो पाई। जिससे धान खरीदी जीवाजीपुर स्थित वेयर हाउस में की गई। उधर अब मार्च माह से किसानों की उपज की समर्थन मूल्य पर खरीदी शुरू हो जाएगी और बंजारी माता मंदिर वेयर हाउस पर भी खरीदी की जाएगी। ऐसे में उखडी सीसीकरण के कारण यहां उपज लेकर आने वाले किसानों, तुलावटों और उपज क्रय करने वाली एजेंसी के अधिकारी कर्मचारियों को भी भारी परेशानी उठानी पड सकती है। किसानों के अनुसार क्षतिग्रस्त सीसीकरण पर वे अपनी उपज को बिना तिरपाल के उडेल नहीं सकते और खराब सीसीकरण पर तिरपाल बिछाने पर उसके फटने और क्षतिग्रस्त होने का जोखिम उठाना पडेगा। वहीं सीमेंट युक्त धूल से भी उन्हें परेशानी उठानी पडेगी। बंजारी माता मंदिर वेयर हाउस परिसर में मौजूद लोगों और आसपास के रहवासियों के अनुसार सीसीकरण के समय निर्माण कार्य की खराब गुणवत्ता को लेकर उन्होंने शाखा प्रबंधक एवं संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया था, लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया गया।

इस संबंध में शाखा प्रबंधक रविकांत सिंह ने बताया कि उन्होंने 11 नवंबर 2025 को क्षेत्रीय प्रबंधक भोपाल को पत्र लिखा था लेकिन कोई जांच करने नहीं आया।

## हेमू कालानी के शहादत दिवस पर नेत्र शिविर आयोजित, 40 की हुई जांच



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बुधवार अमर शहीद श्री हेमू कलानी के शहादत के अवसर पर नेत्र शिविर नागरिक समिति एवं सिंधी समाज के संयुक्त तत्वावधान में सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय बैरागढ़ द्वारा हितकारिणी धर्मशाला में प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक नेत्र शिविर का निशुल्क कैंप आयोजित किया गया।

शिविर में सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय के नेत्र रोग विशेषज्ञ डाक्टर हरि प्रसाद, विदिशा सेंटर प्रतिनिधि रविंद्र रघुवंशी एवं रिसेप्शनिस्ट नीतू श्रीवास्तव और भोपाल से आए हितेश मिचलानी ने 40 मरीजों की ओपीडी की। इसमें से 25 नेत्र रोगियों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए बस द्वारा सेवा सदन बैरागढ़ भेजा गया एवं 10 नेत्र रोगियों को जांच पश्चात निशुल्क दवाइयां दी गई तथा 5 नेत्र रोगियों को चश्मा बनवाने के लिए परामर्श दिया गया। इस मौके पर नेत्र शिविर नागरिक समिति के अध्यक्ष कांति भाई शाह, समिति के सह सचिव विनीत अरोरा, दयाशंकर जायसवाल, ब्लड प्रेशर जांच सहयोगी महेंद्र सिंह सूर्यवंशी ,राधे श्याम साहू, सतपाल तनवानी, प्रवक्ता राजकुमार मलकानी, प्रकाश वाधवानी, राम गोपाल गुप्ता, सुरेश ताम्रकार, विजय भावसार, नेतराम मिश्रा, प्रदीप नेमा, जितेंद्र दॉगी ,चन्द्रशेखर ताम्रकार, रवीन्द्र जैन, लाल बहादुर ताम्रकार, देवी प्रसाद भावसार, देवी लाल कुशवाह, हितकारिणी धर्मशाला मैनेजर रामबाबू दुबे, खेमचंद मेहता,संजू मोटवानी सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## लायंस क्लब कर रहा 200 रुपए में 6 दिन तक बीमारी का इलाज



**गंजबासौदा।** लायंस क्लब गंज बासौदा द्वारा रघुवंशी धर्मशाला में एक्यूप्रेशर, काइरोप्रेक्टिक, मसाज एवं मैग्नेटिक फिजियोथेरेपी के 6 दिवसीय कैंप का आयोजन किया जा रहा है। कैंप के चौथे दिवस पर क्लब अध्यक्ष विजय अरोरा, समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले ,पार्षद एवम नेता प्रति पक्ष जगदीश व्यास, पृथ्वी सिंह रघुवंशी, पठारी क्रे वीरेंद्र पत्रकार आदि ने लायंस क्लब द्वारा लगाए गए शिविर को सराहनीय बताया। उन्होंने बासोदा क्रे नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे इस शिविर का लाभ उठाइयें। क्लब अध्यक्ष विजय अरोरा ने बताया कि मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है को चरितार्थ करते हुए क्लब द्वारा 6 दिवसीय फिजियोथेरेपी कैंप आयोजित किया गया है। जिसमें जोधपुर के डॉक्टर वी आर चौधरी और डॉक्टर देवाराम जाखड़ अपनी सेवाएं दे रहे है। उक्त शिविर में 200 रुपए रजिस्ट्रेशन फीस में मरीज का 6 दिन तक विभिन्न बीमारियों का इलाज किया जा रहा है। वही डॉक्टर वी आर चौधरी ने बताया कि 90 मरीजों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराकर शिविर का लाभ ले रहे हैं। शिविर प्रातः 9 से 1 बजे तक और दोपहर 3 से 7.30 बजे तक संचालित किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह कल आएंगे



**गंजबासौदा।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान 23 जनवरी को सांसद खेल महोत्सव 2025 विधानसभा समापन में अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान करेंगे। यह आयोजन 23 जनवरी को प्रातः 11 बजे एसजीएस कॉलेज परिसर बरेठ रोड पर आयोजित किया जाएगा। भाजपा कार्यकर्ताओं ने नागरिकों एवं खिलाडियों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### बाबा भैरोनाथ निशान यात्रा 24 को

**गंजबासौदा।** 24 जनवरी को छठ के पावन अवसर पर बाबा भैरोनाथ निशान यात्रा श्री नौलखी मंदिर स्टेशन से प्रात 11 बजे प्रारंभ होकर मुख्य मार्ग से होते हुए लालपाठार भैरों बाबा मंदिर तक निकाली जाएगी। जहां प्रसादी वितरण भी किया जाएगा। आयोजन समिति ने सभी भक्तजनों से अपील की है कि निशान यात्रा में सपरिवार सम्मिलित होकर धर्म लाभ लें।

## ककरावदा में हिंदू चेतना का विराट समागम, तंग गलियों से निकली भव्य कलश यात्रा, भगवा रंग में रंगा गांव








हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गांव की तंग गलियों से उठी हिंदू चेतना की हुंकार बुधवार को ककरावड़ा में संपन्न हुए हिंदू सम्मेलन के विराट समागम में बदल गई। हनुमान मंदिर से प्रारंभ हुई कलश यात्रा झांकियों, डीजे पर गूंजते राष्ट्रभक्ति व भजनों और जय श्रीराम के उद्घोष के साथ गांव के मुख्य मार्गों व गलियों से होते हुए आयोजन स्थल पर पहुंची। छतों से पुष्पवर्षा, घर-घर सजे मंगल कलश, रंगोलियां और गोबर से लिपे चौक-दरवाजे भारतीय संस्कृति की जीवंत झलक पेश कर रहे थे।

गांव की छतों पर लहराते भगवा ध्वजों ने पूरे वातावरण को आस्था और उत्सव से भर दिया। कलश यात्रा में महिलाओं ने सौभाग्य वस्त्र धारण कर सहभागिता निभाई। ट्रॉलीनुमा सजे रथ पर राम-लक्ष्मण-सीता व हनुमान की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। तेज धूप के बावजूद ग्रामीण करीब पांच घंटे तक आयोजन स्थल पर डटे रहे। गांव में जगह-जगह जगदगुरु डॉ राम कमलाचार्य वेदांती का आरती व श्रीफल-शाल श्रीफल से सम्मान किया। हिंदू सम्मेलन में धर्मसभा को संबोधित करते हुए जगद्गुरु डॉ वेदांती जी महाराज ने कहा कि जात-पात मिटाकर ही समाज संगठित होगा और धर्म की जय संभव है। उन्होंने घर-घर पूजा, तुलसी, रामायण-पाठ और दैनिक आरती को संस्कारों की नींव बताया। बेटियों के संस्कार पर विशेष जोर देते हुए कहा कि संस्कारों की पहली पाठशाला परिवार है। उन्होंने वेद-ग्रंथों, तीर्थों के ज्ञान और उच्च शिक्षा के साथ उच्च संस्कारों की आवश्यकता पर भी बल दिया। जिला प्रचारक राकेश परमार ने कहा कि भारत ने अनेक आक्रमण झेले, लेकिन संस्कृति, धर्म और संतों के आशीर्वाद से फिर खड़ा हुआ है। संगठित समाज ही भारत को विश्व नेतृत्व की ओर ले जाएगा। बाल विदुषी कृष्ण प्रिया दास ने हिंदू समाज को एकजुटता का संकल्प दिलाया। मंच पर वेदांत आश्रम के महंत हरिहर दास जी महाराज, ग्राम के वरिष्ठ नागरिक राम प्रसाद अहिरवार, हीरालाल आदिवासी, राष्ट्र सेविका जिला संपर्क प्रमुख जयश्री रघुवंशी सहित अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में ग्राम की शासकीय माध्यमिक विद्यालय ककरावदा की छात्राओं तथा सेवा भारती केंद्र गंज बासौदा की छात्राओं ने देशभक्ति से भरी प्रस्तुतियां दीं।

इंदौर से आए कवि रुद्र प्रताप सिंह ने ओज-वीर रस की कविताओं से जोश भरा, वहीं नीलेश चतुर्वेदी ने हास्य-ओज के साथ पाठ किया। खंड कार्यवाह योगेश त्रिपाठी ने बताया कि ककरावदा मंडल के गांव सेमरा, बालरा कला, बालरा खुर्द, सियारी, डाबर, मोरोदा, बांकची, सनाई, कांचरोद से बड़ी संख्या में ग्रामीणों की सहभागिता हिंदू सम्मेलन में रही। घर-घर जनसंपर्क के बाद सम्मेलन में 4 हजार से अधिक लोगों ने एक संगत-एक पंगत में बैठकर समरसता प्रसादी ग्रहण की। मंच का संचालन वेदांश वेदांतकुलम ने किया। आयोजन में खंड गौ सेवा संयोजक भगतसिंह रघुवंशी, खंड ग्राम विकास संयोजक कमल सिंह रघुवंशी, खंड कुटुंब प्रबोधन प्रमुख भवानी सिंह रघुवंशी, खंड शारीरिक प्रमुख राघवेंद्र रघुवंशी, खंड सेवा प्रमुख मोहित रघुवंशी सहित हजारों ग्रामीण उपस्थित रहे।

### शुक्रवार को होंगे सामूहिक विवाह व निकाह

**गंजबासौदा।** मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत सामूहिक विवाह एवं निकाह शुक्रवार 23 जनवरी को नवीन मंडी परिसर कंजना पठार पर आयोजित किए जाएंगे। इस आयोजन को लेकर प्रशासन ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं और बुधवार को जिले के वरिष्ठ अधिकारियों सहित जिला सीईओ ने भी यहां आकर सामूहिक विवाह एवं निकाह योजना की तैयारियों का जायजा लिया और अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। यह आयोजन जनपद पंचायत गंजबासौदा द्वारा कराया जा रहा है।

### कृषि उपज मंडी में चार दिन बंद रहेगी नीलामी




**गंजबासौदा।** स्थानीय कृषि उपज मंडी में आगामी चार दिन तक मंडी नीलामी कार्य बंद रहेगा। मंडी प्रशासन ने इस संबंध में बुधवार को मंडी में उद्घोषणा कराते हुए किसानों को इन अवकाशों की जानकारी देकर उन्हें अवकाश के दिनों में उपज नीलामी के लिए न लाने की अपील की। मंडी समिति द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार आगामी 23 जनवरी को मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत सामूहिक विवाह एवं निकाह का आयोजन मंडी परिसर में किया जाएगा। इसलिए मंडी नीलामी बंद रहेगी। वहीं शनिवार को माह का चौथा शनिवार होने से नीलामी अवकाश रहेगा। वहीं 25 जनवरी को रविवार का अवकाश और सोमवार को 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस होने से अवकाश रहेगा। इसके बाद मंगलवार 27 जनवरी से मंडी नीलामी पुनः शुरू की जाएगी।

## धनुषधारी मंदिर में चल रही है शिव महापुराण कथा

# पंचम दिवस सुनाई भगवान गणेश की विवाह कथा





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सावरकर चौक स्थित धनुषधारी मंदिर प्रांगण में हो रही श्री शिव महापुराण कथा के पंचम दिवस कथा प्रवक्ता आचार्य पंडित विकास आनंद ऐलिया ने कथा का वाचन करते हुए कहा सांसारिक वासना के त्याग करने से ही जीव को शांति मिलती है। जीवन में सुख चाहते हो सांसारिक वासना को त्यागना पड़ेगा। शिव की प्राप्ति भोग से नहीं योग से प्राप्त होती है। श्रावण मास में ब्रह्मचर्य सदाचार का पालन करके शिव आराधना करने से मानव को अलौकिक आनंद की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि धर्म ध्वज की पुत्री तुलसी के श्राप के कारण गणेशजी का विवाह दो पत्नियों रिद्धि सिद्धि के साथ हुआ। जो गणेश विवाह की कथा को सुनता है उनका दांपत्य जीवन हमेशा सुखी रहता है। इस अवसर पर भगवान गणेश की रिद्धि सिद्धि के साथ मनोहारी झांकी भी सजाई गई थी। कथा में काशी विश्वनाथ की कथा को बड़े रोचक ढंग के साथ सुनाया गया। काशी में जिसकी मृत्यु होती है वह मोक्ष को प्राप्त होता है। शंखचूड़ तुलसी के विवाह की कथा भी सुनाई। कथा का श्रवण करने बड़ी संख्या में लोग जुट रहे हैं। पंडित ऐलिया ने शिव महापुराण के प्रसंग का विस्तार से वर्णन करते हुए कहा कि भगवान श्री गणेश प्रथम पूज्य देवता हैं। किसी भी शुभ कार्य में सबसे पहले उनकी पूजा की जाती है। गणेश रिद्धि सिद्धि के विवाह की कथा सुनने से हमारा दांपत्य जीवन सुखी रहता है। उन्होंने कहा कि भक्ति में दिखावा मत करो भोले बाबा दिखावा आडंबर से प्रसन्न नहीं होते। उनकी भक्ति पाने के लिए निर्मल मन समर्पण भाव की जरूरत होती है। शिवजी को प्रसन्न करने के लिए दिल से भक्ति करो। उन्होंने कहा कि गणेश बुद्धि के देवता है। उन्होंने अपने माता-पिता की परिक्रमा करके शिव पार्वती को प्रसन्न किया। क्योंकि माता पिता ही ईश्वर का रूप है, जो माता पिता की सेवा से दूर रहता है। उन्हें शिव से मिलने की भक्ति करने की जरूरत नहीं है। इस दौरान कथा में उपस्थित मुख्य जजमान आचार्य गण सहित कई भक्त उपस्थित रहे।

### इंदौर के भागीरथपुरा के मृतकों को दी श्रद्धांजलि



**गंजबासौदा।** शहर वचनालाय पाठक संघ एवं लायंस क्लब ने इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से मृत हुए 25 दिवंगतों को मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर स्वर्गीय नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान क्रे सुनील बाबू पिंगले, संयोजक दीपक तिवारी, लायंस क्लब क्रे अध्यक्ष विजय अरोरा, वाचनालय प्रभारी सतीश शिल्पकार, पूर्व पार्षद चंद्र प्रकाश अग्रवाल, गोपाल सिंह ठाकुर, राममनोहर सिंह, बबलू राय, कैलाश नेमा, टीपू सोलंकी सहित अनेक पाठक गण उपस्थित थे।

## राष्ट्र निर्माण के लिए वरिष्ठ प्रबुद्धजन सम्मान समारोह में कुरैशी, कादरी, मंसूरी अरोरा, वंशकार सम्मानित



**गंजबासौदा।** राष्ट्र निर्माण में विशिष्ट सेवाओं के लिए समाज के विभिन्न वर्गो मे कार्य कर रहे वरिष्ठ सामाजिक प्रबुद्धजन सम्मान समारोह का आयोजन जागरूक युवाऔ द्वारा निजी प्रतिष्ठान पर किया गया। कार्यक्रम में विदिशा जिला वक्फ बोर्ड अध्यक्ष अय्यूब कुरैशी को वक्फ कृषि भूमि की वार्षिक नीलामी में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रदेश में तृतीय स्थान प्राप्त करने पर, राष्ट्रहित राष्ट्रीय एकता और अखंडता, पंच परिवर्तन, सामाजिक सौहार्द्र, पर्यावरण संरक्षण, नशा मुक्त शिक्षा, सूर्य नमस्कार, प्राणायाम, योगा प्रचार प्रसार पर सैयद शफाकत हुसैन कादरी राष्ट्रीय सह संयोजक मुस्लिम राष्ट्रीय मंच गौ सेवा प्रकोष्ठ, मुस्लिम समाज में जन जागरण, मोदी सरकार व राज्य सरकार की योजनाओं का अल्पसंख्यक वर्ग मे लाभ दिलाने पर अमीन मंसूरी जिला सचिव वक्फ बोर्ड , गरीब निसहाय निर्धन बच्चो की शैक्षणिक कार्य मे सहायता प्रदान करने पर धीरज अरोरा अध्यक्ष पाठ्य पुस्तक विक्रेता संघ , गरीब कन्याओं की शादी विवाह निकाह में मदद व हजरत मोहम्मद साहब की शिक्षाऔ पर नौजवानो मे नशा शराब बुराई ब्याज के विरुद्ध अभियान पर हाजी साहब यासीन खान का, वंचित गरीब मजदूरो की आवाज उठाने के लिए पप्पू भाई वंशकार सेठजी का , किसानों को जैविक खेती की और अग्रसर करने, उन्नत खेती से आय बढाने के उपाय बताकर उनकी सहायता करने पर नसीम मंसूरी नगर सह संयोजक मुस्लिम राष्ट्रीय मंच सहित समाज के विभिन्न क्षेत्रों मे अपनी अपनी विशिष्ट सेवाऔ और जन जागरण अभियान अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित करते रहने पर सोनू भाई , वसीम भाई , महेन्द्र भाई, ,रितिक भाई ,फहीम भाई,शेर सिंह का सम्मान किया गया। यह कार्यक्रम समाज के जागृत युवाऔ के द्वारा स्व प्रेरणा व राष्ट्रहित के लिए लगातार सकारात्मक बदलाव लाने वाले गणमान्य नागरिको वरिष्ठ सामाजिक प्रबुद्धजन समाजसेवियों को सम्मानित करने के लिऐ किया गया। कार्यक्रम पश्चात आदर्श पटवारी सम्मान से सम्मानित अब्दुल हफीज पटवारी साहब के दुख़द निधन पर दो मिनट का मौन धारण कर उनको श्रृद्धांजलि अर्पित की गई।

# तहसील कार्यालय में कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन, बड़े आंदोलन की दी चेतावनी, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

## मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य को निष्पक्ष एवं पारदर्शी व चुनाव आयोग के नियमानुसार संपन्न कराए जाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज।

मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य को निष्पक्ष एवं पारदर्शी और चुनाव आयोग के नियमानुसार सम्पन्न कराए जाने की मांग को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेश यादव के नेतृत्व में दर्जनो कांग्रेस नेताओं ने तहसील कार्यालय पहुचकर एसडीएम हरिशंकर विश्वकर्मा को ज्ञापन सौपा। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं ने कहा कि कुछ लोगो द्वारा फार्म 07 भर कर आपत्ति दर्ज की जा रही है। वह भेदभाव पूर्ण है। हमारी कांग्रेस पार्टी के बी.एल.ए.-2 द्वारा शिकायत मिल रही है कि फार्म 07 भर कर मतदाता सूची से नाम काटने के लिये दिये गये है जिसमें कुछ आपित्तकर्ताओं से चर्चा हुई तो उन्होंने बताया कि हमारे द्वारा कोई आपित्त नहीं लगाई गई है।

किसी व्यक्ति विशेष द्वारा गलत नाम एवं मोबाईल नं. से आपत्ति दर्ज कराई गई है। जो कि गलत है। कांग्रेस पार्टी के वोटो को चिन्हित करके फार्म 07 मर कर बी.एल.ओ. को नाम काटने के लिये दिए गए और बी.एल.ओ पर शासन एवं प्रशासन द्वारा दवाब बनाया जा रहा है। इस मौके पर कांग्रेस नेताओ ने कहा कि ऐसे मामले है तो उन पर जॉच कर संज्ञान में ले और आपत्तिकर्ताओं पर एफ.आई.आर दर्ज की जाए। उन्होने कहा कि यदि कांग्रेस पार्टी के वोटो को चिन्हित कर काटा जाता है तो कांग्रेस पार्टी आंदोलन के लिए तैयार है। जिसके जिम्मेदार शासन-प्रशासन की होगी।



### दोषियों पर एफआईआर दर्ज करने की मांग

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की। कांग्रेस ने दोषियों के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज करने तथा सभी फर्जी आपत्तियों को निरस्त करने की मांग की है। ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश यादव ने चेतावनी दी कि यदि कांग्रेस समर्थक मतदाताओं के नाम काटे गए तो पार्टी सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन करेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार एवं पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह शीघ्र ही सिरोंज आकर धरना प्रदर्शन करेंगे। इस मौके पर देवपुर ब्लॉक अध्यक्ष अर्जुन राजपूत,अशोक यादव,विनोद सेन,क़ैसर खान,इरशाद गोरी,नगर अध्यक्ष सैफू गोरी,सुरेंद्र रघुवंशी,अतीक मंसूरी, डॉ सुब्हान गौरी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### बीएलओ पर नाम काटने का डाला जा रहा दबाव

मतदाता सूची पुनरीक्षण एसआईआर प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए कांग्रेस पार्टी ने तहसील कार्यालय में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा समर्थित लोगों द्वारा फर्जी नाम और मोबाइल नंबर डालकर फॉर्म-7 के माध्यम से विशेष वर्ग के कांग्रेस समर्थक मतदाताओं के नाम कटवाने की साजिश रची जा रही है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश यादव ने बताया कि पार्टी के बीएलए-2 कार्यकर्ताओं को लगातार शिकायतें मिल रही हैं कि कई मतदाताओं के नाम बिना जानकारी के हटाने हेतु आपत्तियां दर्ज कराई जा रही हैं। जब कथित आपत्तिकर्ताओं से संपर्क किया गया तो उन्होंने किसी भी प्रकार की आपत्ति देने से साफ इनकार कर दिया। कांग्रेस का आरोप लगाया कि एसआईआर प्रक्रिया में विशेष समुदाय को निशाना बनाकर भेदभाव किया जा रहा है तथा निर्वाचन अधिकारियों पर दबाव बनाकर फर्जी फॉर्म-7 स्वीकार कराए जा रहे हैं। साथ ही बीएलओ पर भी शासन-प्रशासन द्वारा नाम काटने का दबाव डाला जा रहा है।



## बगरोदा में विशाल हिंदू सम्मेलन संपन्न, कलश यात्रा निकाली

# रामायण केवल पढ़ने का ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन में उतारने के योग्य आचरणः पं संजय मेहता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

बगरोदा गांव में विशाल हिंदू सम्मेलन का भव्य एवं ऐतिहासिक आयोजन किया गया। जिसमें गांव सहित आसपास के क्षेत्रों से सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु महिला-पुरुष एवं युवा शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि संत संजय मेहता, मुख्य वक्ता विद्या भारती के प्रांत संगठन मंत्री निखिलेश माहेश्वरी तथा विशेष अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी अवतार सिंह रघुवंशी के सान्निध्य में संपन्न हुआ।



अतिथियों द्वारा सर्वप्रथम कन्या पूजन, गो पूजन, गो ग्रास अर्पण कर भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण किया गया, जिससे पूरे वातावरण में धार्मिक एवं सांस्कृतिक ऊर्जा का संचार हुआ। सम्मेलन से पूर्व सैकड़ों ग्रामीण महिलाओं, पुरुषों एवं युवाओं ने कलश धारण कर डीजे की भक्तिमय धुनों के साथ संपूर्ण गांव में भव्य कलश यात्रा निकाली। यात्रा के दौरान ग्रामीणों ने अपने घरों के बाहर रंगोली सजाई, दीप प्रज्वलित किए तथा पुष्प वर्षा कर यात्रियों का उत्साहपूर्वक स्वागत किया।

गांववासियों का कहना था कि बगरोदा में पहली बार इस प्रकार का अद्भुत, अनुशासित और भावनात्मक आयोजन देखने को मिला, जिसने पूरे गांव को एक सूत्र में बांध दिया। कलश यात्रा के पश्चात सरस्वती शिशु मंदिर के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुति दी गई। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने श्रोताओं का मन मोह लिया। विशेष रूप से लव-कुश कांड पर आधारित नाट्य प्रस्तुति ने उपस्थित जनसमूह को भाव-विभोर कर दिया और कार्यक्रम स्थल तालियों की गूंज से गूंज उठा।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि संत संजय मेहता ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि जिस प्रकार सूर्य बिना भेदभाव के सभी को प्रकाश देता है और वर्षा का जल सबको समान रूप से प्राप्त होता है, उसी प्रकार हिंदू समाज को भी एकजुट होकर समरसता के साथ रहना चाहिए।

## एक दर्जन पीड़ित व्यक्तियों के साथ तहसील कार्यालय पहुंचे

# एसआईआर की प्रक्रिया निर्वाचन आयोग द्वारा संपन्न कराई जाए ना कि भाजपा के एजेंट सेः सुरेंद्र रघुवंशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

एसआईआर फार्म 6 व 7 की जानकारी और अवलोकन हेतु सिरोंज विधानसभा क्षेत्र के भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस निर्वाचन प्रतिनिधि सुरेन्द्र रघुवंशी ने बुधवार को लगभग एक दर्जन पीडित व्यक्तियों के साथ तहसील कार्यालय पहुचकर निर्वाचन अधिकारी एसडीएम हरिशंकर विश्वकर्मा को एक पत्र सौपते हुए कहा कि विधानसभा क्षेत्र 147 के लिए एसआईआर अंतर्गत फार्म 6 व 7 की जानकारी प्राप्त करना का अनुरोध किया गया। उन्होने कहा कि यह फार्म आयोग द्वारा दिए गए है या नही और अभी तक कितने फार्मो का निराकरण किया गया है। साथ ही फार्म 6 के द्वारा आपत्ती करने वाले व्यक्तियों की जांच कराई जाकर यदि उक्त व्यक्ति ने भ्रामक जानकारी देकर नाम कटवाने की कोशिश की है तो चुनाव आयोग के निर्देशानुसार झूठी शिकायत कर्ता पर अपराधिक प्रकरण की कार्यवाही की जाए। कांग्रेस निर्वाचन प्रतिनिधि सुरेन्द्र रघुवंशी ने कहा कि ज्यादातर पोलिंग बूथ पर झूठे नाम से शिकायत करके पत्र वोटरों के नाम कटवाने की साजिश चल रही है।




### हाईवे पर हादसा टला, पुलिया में गिरने से बची स्लीपर बस, बैठी थीं 70 सवारियां

ग्यारसपुर। नेशनल हाईवे-146 पर बुधवार तड़के एक भीषण सड़क हादसा होते-होते टल गया। बागरोद चौराहा के पास ढोलबाज तिराहा क्षेत्र में इंदौर से सागर की ओर जा रही खुशबू ट्रेवल्स की स्लीपर बस अनियंत्रित होकर हाईवे पर बनी पुलिया से टकरा गई और पुलिया के ऊपर ही अटक गई। गनीमत रही कि बस पुलिया में पूरी तरह नहीं गिरी, जिससे बड़ा जनहानि का खतरा टल गया। यह हादसा बुधवार सुबह करीब 3:30 से 4:00 बजे के बीच हुआ। प्रत्यक्षदर्शी सूर्यप्रसाद जो नेशनल हाईवे-146 के ठेकेदार के कर्मचारी हैं और क्रेन ऑपरेटर के रूप में कार्यरत हैं, ने बताया कि सागर की ओर से भूसा से भरा एक ट्रक विदिशा की तरफ जा रहा था। उसी दौरान पीछे से आ रही एक फॉर्च्यूनर कार ओवरटेक करने लगी। फॉर्च्यूनर को बचाने के प्रयास में बस चालक ने संतुलन खो दिया, जिससे बस सीधे पुलिया से टकरा गई। बस में 60 से 70 यात्री सवार थे, जो इंदौर से सागर की यात्रा कर रहे थे। हादसे के बाद यात्रियों में चीख-पुकार मच गई, लेकिन सौभाग्यवश कोई बड़ी जनहानि नहीं हुई। सूचना मिलते ही 112 वाहन के पायलट देवेंद्र कुशवाह, स्टाफ राजेश मिश्रा तथा थाना त्योंदा पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस और राहत दल की तत्परता से सभी यात्रियों को सुरक्षित बस से बाहर निकाला गया, घटना के बाद कुछ देर के लिए हाईवे पर यातायात प्रभावित रहा।

# बासमती धान के रेट बढ़े तो मंडी में अचानक धान की आवक बढ़ी

## मंडी व्यापारियों के बीच बना गतिरोध हुआ समाप्त

» प्रतिदिन 10 से लेकर 15 हजार क्विंटल तक धान बिकने कृषि उपज मंडी में आ रही है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली



सोमवार को कृषि उपज मंडी में मंडी से बाहर उपज जाने से पूर्व धर्म कांटे पर बजन की अनिवार्यता को लेकर मंडी बंद रहने का संकट उत्पन्न हो गया था। मंडी प्रशासन का कहना है कि इस संबंध में 2019 के आदेश का पालन कराया जा रहा है। वहीं व्यापारियों के विरोध के कारण मंडी में नीलामी बंद रही और मंडी प्रशासक एसडीएम संतोष मुद्गल की अध्यक्षता में बैठक हुई।

मंडी बोर्ड को पत्र लिखकर मार्गदर्शन देने और किसानों को सीजन के समय परेशानी ना हो मंगलवार को मंडी में नीलामी खरीद का कारोबार शुरू हो गया।

संपूर्ण बाड़ी बरेली क्षेत्र में किसानों द्वारा खरीफ सीजन में मुख्य रूप से बासमती धान की खेती कर लाखों क्विंटल धान का प्रतिवर्ष उत्पादन किया जाता है।

मंगलवार को मंडी में बासमती धान की 4000 हजार रुपए क्विंटल के आसपास क्वालिटी के अनुसार भाव रहे। बासमती धान के अच्छे भाव हो जाने से किसानों में भारी उत्साह बना हुआ है। प्रतिदिन 10 से लेकर 15 हजार क्विंटल तक धान बिकने मंडी में आ रही है।

### दोनों अच्छे रहे...

मंडी बोर्ड के नियम अनुसार निकासी पूर्व धान की धर्मकांटे पर तोल अनिवार्य है। पूर्व में व्यापारियों द्वारा कांटा ठीक करने की मांग की, धर्म कांटे पर तोल का व्यापारियों द्वारा विरोध करने पर संयुक्त बैठक एसडीएम संतोष मुद्गल की अध्यक्षता में हुई। पत्र लिखकर मंडी बोर्ड से मार्गदर्शन मांगा है। मंगलवार को धान की आवक और भाव दोनों अच्छे रहे।

- **श्रीमती रितु गढ़वाल,** सचिव, कृषि उपज मंडी समिति बरेली।




# कन्या छात्रावास में छात्राओं को किया गर्म कपड़ों का वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

नगर के कन्या छात्रावास में समाजसेवी संस्था वंशिका माईनिंग एलएलपी कंपनी के द्वारा छात्रावास में निवास करने वाली जरूरतमंद छात्राओं के लिए गर्म कपड़ों का वितरण किया। इस दौरान 30 से अधिक छोटी-छोटी छात्रों को इनर सेट का वितरण किया गया।

पूर्व से ही पर्यावरण संरक्षण पौधारोपण और सामाजिक सरोकार की दिशा में अग्रणी रहने वाली वंशिका माईनिंग एलएलपी कंपनी के द्वारा क्षेत्र के एक स्कूल में बच्चों को साफ एवं स्वच्छ जल प्राप्त हो जिसके लिए वाटर कूलर विद्यालय को प्रदान किया था। वहीं विगत दिनों शासकीय स्कूल में छात्र-छात्राओं को ऊनी कपड़ों का वितरण भी किया जा चुका है। इसी क्रम में 20 जनवरी को अनुसूचित जाति एवं जनजाति छात्रावास में इनर सेट वितरित किए गए हैं।

इस संबंध में कंपनी के प्रबंधक-शाकिब खान ने बताया कि कंपनी के द्वारा पूर्व से ही समय-समय पर पौधारोपण, जल संरक्षण के कार्यों में अपनी सहभागिता निभाई जाती रही है। इसी क्रम में 20 जनवरी को सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए नगर के छात्रावास में जरूरतमंद छात्राओं के लिए गर्म कपड़ों का वितरण किया गया है।

इस अवसर पर छात्रावास अधीक्षिका सरिता मिश्रा, शाकिब अहमद, सर्वेश जी, रोहित जैन, युसूफ खान आदि मौजूद रहे।

# नर्मदा उत्तर तट मंगलेश्वर तीर्थ में जारी नर्मदा जयंती महोत्सव

## नर्मदा पुराण कथा महारुद्राभिषेक का प्रतिदिन कार्यक्रम नर्मदा मैया की महिमा अपार जप-तप ध्यान का विशेष महत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

नर्मदा मैया के उत्तरतट स्थित मंग्लेश्वर तीर्थ मांगरोल में 19 जनवरी से 24वां नर्मदा जयंती महोत्सव का आयोजन पू. ब्रम्हचारी के सानिध्य में चल रहा है। प्रातः से दोपहर तक महा रूद्रभिषेक में रूदी का वैदिक मंत्रों के साथ निर्माण पूजन और दोपहर 1 बजे से महामंडलेश्वर प्रसिद्ध कथा व्यास पू. ब्रम्हचारी जी के मुख से नर्मदा पुराण कथा श्रवण करने का अवसर श्रद्धालुओं को प्राप्त हो रहा है।




कथा व्यास पू. ब्रम्हचारी जी द्वारा कथा के दौरान नर्मदा मैया की महिमा का विस्तार से वर्णन करते हुए प्रमुख तीर्थ देव स्थानों का महत्व बतलाते हुए कहा कि नर्मदा मैया के किनारों पर डेढ़ लाख देव स्थान हुआ करते थे, जो घट कर डेढ हजार के लगभग बचे है। ब्रम्हचारी जी ने उपनयन संस्कार जनेऊ धारण करने के महत्व की विस्तार से चर्चा की और कहा कि ब्राम्हणों, क्षत्रीय वैश्यों को उपनयन संस्कार और जनऊ धारण करना चाहिए, यह सनातन संस्क्रति धर्म कि परंपरा है। कहा कि नर्मदा तटों पर जप-तप, ध्यान पूजन का विशेष महत्व और श्राद्धालुओं को पुण्य मिलता है।

### बसंत पंचमी पर पीलाई जाएगी ब्राम्ही

चल रहे नर्मदा जयंती महोत्सव के अन्तर्गत आगामी 23 जनवरी को मंगलेश्वर तीर्थ मांगरोल में उपनयन संस्कार का कार्यक्रम होगा। वहीं इसी के साथ पू. ब्रम्हचारी जी जो की आयुर्वेद के ज्ञाता है ब्रम्ही का निर्माण कर विद्यार्थियों को विशेष पद्यति नर्मदा जल में खड़ा कर पीलाई जाएगी।

## खेलों में छात्राएं दिखा रहीं दमखम

# शासकीय कन्या शाला में हुआ खेल महोत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

पीएमश्री शास कन्या उ मा वि में खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। छात्राओं के शारीरिक विकास के लिए विद्यालय में विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है। जिसमें भाग लेकर विद्यालय की छात्राएं अपना दमखम और खेल हुनर का प्रदर्शन कर रही हैं।



कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य यूएस अहिरवार, बीएस मांडरे, एसएन सक्सेना, राजेन्द्र बिदुआ द्वारा फीता काटकर किया गया। मंगलवार को छात्राओं की टीमों के बीच कबड्डी, खो-खो, व्हालीबाल, कुर्सी दोड, चम्मच दौड़, बेडमिंटन, रस्साकसी आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिनमें छात्राओं द्वारा उत्साहपूर्वक भाग लिया गया छात्राओं की प्रतियोगिता के दौरान संजय शर्मा, सत्यनारायण रघुवंशी, निगार पेंटर इत्यादि उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन संतोष कुमार गौतम ने किया।

## नदियों, नालों के साथ सरकारी भूमि पर अतिक्रमण की भरमार


# बारना, तेंदोनी, घोघरा से नर्मदा नदी में पहुंच रही गंदगी

### हजारो मवेशियों का गावों से पलायन सड़कों पर बना डेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

गाय और नर्मदा मैया को मां का दर्जा देकर सनातनी परिवारों द्वारा पूजन की जाती है। परन्तु लालच और धन कमाने की भावी दौड में इन्सान इतना स्वार्थी और निर्दयी हो गया हे कि गांव-गांव नदी नालों के किनारे बाली सरकारी और गो गुठान ठहराव और चारा वाली भूमियों पर अतिक्रमण करना और खेती किये जाने से हजारों गौवंश नर्मदा क्षेत्र की सडकों, बजारों में भूखे-प्यासे ठेरा जमाये रहने को मजबूर हो गए है।

ग्रामों में स्थिति तो इतनी अधिक खराब हो चुकी है कि पशुयों को आरक्षित भूमियों पर कब्जा अतिक्रमण होने से उन्हें गांव में खडे रहने स्थान भी नहीं मिल पा रहा है।



यह सौभाग्य है कि नर्मदा मैया की हजारों वर्षो से मौजूदगी बनी हुई है। पर्व त्यौहारों और पुर्णिमा, अमावस्या पर हजारों नर नारियों द्वारा नर्मदा मैया में स्नान किये जाकर मां के समान पूजन प्रार्थना की जाती है। 25 जनवरी को नर्मदा जयंती पर्व पर हजारों लोगों द्वारा स्नान पूजन दीप दान और नर्मदा मैया को चुनरी उढ़ाई जाएगी। क्षेत्र की प्रमुख नदियों बारना, तेंदोनी, घोघरा और बडे नालों के माध्यम से नगरों, ग्रामों की गंदगी और गंदा पानी प्रति दिन नर्मदा मैया में मिल रहा है।

कभी नर्मदा मैया में मगरमच्छ, लाखों मच्छलियां और अन्य जीव जन्तु नर्मदा जल और गंदगी को साफ कर दिया करते थे। रासायनिक खादों से खेती और फसलों में भारी संख्या में खतरनाक जहरीली कीट नाशकों का भारी उपयोग किये जाने से जलीय जीव जन्तु नर्मदा मैया के जल में दिखलाई देना ही बन्द हो जाने के साथ नर्मदा जल की गुणवत्ता गिरना प्रभावित हो रही है।

मां के प्रति निभायें दायित्व गाये और नर्मदा मैया को माता मानने वालों के कारण दोनों की दुर्दशा हो रही है। आने वाली सन्तान और पीढियों के लिए गौ वंश की दुर्दशा को दूर करने उनके लिए आरक्षित भूमियों से कब्जा अतिक्रमण हटाना जरूरी है। इसी प्रकार नर्मदा मैया में कम गंदगी करने और नदी नालों के पानी को गंदगी प्रदूषित पानी से मुक्म कराया जाना जरूरी है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं SHAWAN SINGH YADAV पुत्र श्री BARE LAL पता भीलाखेडी मुंडला मुन्देला विदिशा जिला विदिशा म.प्र. । मेरा सही नाम SHAWAN SINGH YADAV पुत्र श्री BARE LAL है, जो कि मेरे समस्त मार्कशीटों में दर्ज है । मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम SEVAN त्रुटिवश अंकित हो गया है जो कि गलत है। अतः भविष्य में सभी शासकीय/अशासकीय दस्तावेजो मे मेरा नाम SHAWAN SINGH YADAV पुत्र श्री BARE LAL के नाम से जाना व पहचाना जावे

**वेयर हाउस रसीद गुमने की सूचना**

मै वीरेंद्र सिंह बघेल पुत्र श्री जगन्नाथ सिंह बघेल,आयु 57 वर्ष निवासी ग्राम बेरखेडी कस्वा तहसील विदिशा जिला विदिशा म.प्र. । मेरे स्वामित्व की कृषि उपज मेरे द्वारा दिनांक 08/05/2025 को न्यू किसान वेयर हाउस के रसीद क्रमांक 550 के माध्यम से 425 बोरी कुल बजन 233.75 क्विटल गेहू मेरे द्वारा संग्रहण हेतु रखा गया था जिसकी वेयर हाउस के द्वारा मुझे मूल जमा रसीद प्रदान की गयी थी। वेयर हाउस द्वारा प्रदान की गयी रसीद सहवन से कही भुलवश गुम हो गयी है जिसकी एक प्रति सहवन मेरे मोबाइल मे होने से छायाचित्र मेरे पास है जिसके माध्यम से मेरे द्वारा वेयर हाउस को जमा माल को वापिस प्राप्त कर रहा हूँ मूल रसीद का मैने कोई दुरउपयोग नहीं किया है

### रेत माफियाओं पर जिम्मेदार नहीं कर रहे कोई कार्रवाई, उनके हौसले बुलंद

# माफिया कर रहे नर्मदा नदी का सीना छलनी बीच धार में बना दिए रास्ते, चल रहा उत्खनन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

नर्मदा नदी की धारा में रेत माफियाओं ने खुलेआम रास्ते बना दिए हैं और नदी के बीचों-बीच अवैध रेत उत्खनन का काला कारोबार धड़ल्ले से जारी है। स्थानीय किसानों और मछुआरों का कहना है कि माफियाओं ने नदी के बीच छोटे-छोटे मार्ग तैयार कर लिए हैं, जिससे मोटे पैमाने पर रेत निकालना आसान हो गया है। इस अवैध उत्खनन से नदी की धारा बदल रही है और जल प्रबंधन का संतुलन बुरी तरह बिगड़ रहा है।

- नदी के गहरे हिस्सों से रेत निकालकर किया जा रहा स्टॉक

स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि खनन के दौरान जेसीबी, हल्के वाहनों के साथ-साथ छोटी-बड़ी नावों का इस्तेमाल कर सीधे नदी के ज्वारी हिस्सों से रेत निकाली जा रही है, जबकि प्रशासन कथित तौर पर आंखें मूंदकर यही सब देख रहा है। रेत को गहरे हिस्सों से निकालकर ट्रैक्टर-ट्रॉली में भरकर स्टॉक किया जा रहा है और फिर यह रेत ऊंचे दामों पर बाजार में बेची जा रही है।

साक्षियों ने बताया कि नदी के बीच बने इन अवैध रास्तों का उपयोग कर रेत माफिया कठिन से कठिन भागों तक पहुंच रहे हैं और बिना किसी अधिकारिक अनुमति के निरंतर उत्खनन कर रहे हैं। किसानों और मछुआरों का कहना है कि इससे नदी की पारिस्थिति की और मछली पालन पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है और आने वाले समय में गंभीर आर्थिक व पर्यावरणीय संकट उभर सकता है।

उधर, पिछले दिनों सीहोर जिले में भी नर्मदा नदी से अवैध रेत उत्खनन के पर्दाफाश के बाद खनिज विभाग ने दो नावें जब्त की थीं, जो इसी तरह की गतिविधियों में उपयोग की जा रही थीं। अधिकारियों ने बताया कि रेत माफियाओं को पकड़ा जाना शुरू हुआ है, लेकिन कार्रवाई ठोस रूप से नहीं हो पा रही है।

अब सवाल है कि क्या रायसेन जिला प्रशासन और खनिज विभाग इस खेल पर अंकुश लगा पाएंगे या नर्मदा की मां को और अधिक क्षति पहुँचने दिया जाएगा?

#### खाकी करवा रही रेत चोरी

देवरी थाना प्रभारी की मिलीभगत से रेत उत्खनन रेत माफियाओं द्वारा खुलेआम नर्मदा नदी रेत खदानों में धड़ल्ले से चल रहा है। ट्रैक्टर ट्रालियों की कतारें रेत ढुलाई करने में बेखौफ चल रहा है। जिम्मेदार विभाग के अधिकारी इस मामले में खामोश बने हुए हैं। देवरी के नागरिकों द्वारा देवरी थाना प्रभारी का रिटायरमेंट का समय नजदीक है। इसका भरपूर फायदा उठाते हुए रेत माफियाओं से सांठगांठ कर रेत तस्करी करवाकर जमकर कमाई करने में जुटे हुए हैं। बगैर लेनदेन के कोई काम देवरी थाने में नहीं होता है।



#### दंबगई से की जा रही रेत की चोरी... छलनी हो रही नर्मदा नदी

जिले की जीवन दायिनी कही जाने वाली नर्मदा नदी घाटों पर रेत माफियाओं की गुंडागर्दी चरम पर है। इतना ही नहीं अवैध देशी कट्टों से दहशत फैलाने से भी रेत माफिया बाज नहीं आते। बताया जाता है कि इन रेत माफियाओं को सत्ताधारी सरकारों के सफेद पोश नेताओं का संरक्षण प्राप्त रहता। इसीलिए वह बेखौफ हो अपना अवैध रेत उत्खनन का कारोबार करते हैं। जिले की तहसील बरेली के मोतलसिर, अलीगंज कोटपार गणेश, तहसील बाड़ी के गौरा मछवाई, मदागन घाट भारकच्छ, सतरावन बरेली तहसील उदयपुरा पतई घाट, देवरी थाना बौरास घाट केतोघान घाट, घाट पिपरिया देवरी के कैलकच्छ, हीरापुर में भी पोकलेन जेसीबी मशीनों से रेत उत्खनन भराई, ठेका सोंगलवाडा में है। रायसेन सीहोर जिले की बोर्डर पर नर्मदा नदी रेत खदान है। मोतलसिर की रेत खदान है रॉयल्टी भारकच्छ की रॉयल्टी काटी जा रही है। माइनिंग विभाग के खनिज निरीक्षक इस फर्जीवाड़े की जांच तक करना मुनासिब नहीं समझते।

#### कार्रवाई करते हैं

समय-समय पर जानकारी मिलने पर माइनिंग राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा रेत माफियाओं के वाहनों की धरपकड़ कर जुर्माने की कार्रवाई की जाती है। विभाग में स्टाफ की कमी के कारण समय पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हो पाती।
**- महेंद्र पटेल,** जिला खनिज अधिकारी रायसेन।

#### खुलेआम किया जा रहा रेत का अवैध उत्खनन जिम्मेदार बने मौन

जिले की तहसील देवरी, उदयपुरा, बाड़ी के ग्राम अलीगंज, मांगरोल, डूमर सिवनी में नर्मदा तट से रेत का अवैध उत्खनन बेखौफ जारी है। माफिया नर्मदा नदी से रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन कर रहे है। जिले का खनिज अमला भी इस बड़ी तादाद में हो रहे अवैध उत्खनन व परिवहन से बेखबर है। विभाग केवल एक-दो ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ कर खानापूर्ति कर रहा। नर्मदा नदी के घाटों से बेखौफ दिन रात रेत निकाली जा रही है। रेत के अवैध परिवहन को रोकने में देवरी, उदयपुरा और बरेली थाना पुलिस असफल हो रही है।

#### कमजोर सूचना तंत्र, मजे में रेत उत्खनन माफिया

कहने के लिए प्रशासन का मैदानी अमला हर गांव, हर पंचायत में तैनात है। लेकिन क्षेत्र में चल रहे रेत के अवैध उत्खनन की सूचनाएं खनिज विभाग, पुलिस व जिला प्रशासन तक नहीं पहुंच पाती। जब तक जिला प्रशासन को खबर मिलती तब तक रेत माफिया फरार होने में कामयाब हो जाते हैं। कमजोर सूचना तंत्र का फायदा उठाकर रेत का अवैध कारोबार जिले में तेजी से फलफूल रहा है।

---

### अधिकारियों की समझाइश पर पेड़ से उतरा किसान, यूरिया के लिए ई-टोकन प्रणाली लागू

## यूरिया न मिलने से परेशान होकर किसान रस्सी लेकर पेड़ पर चढ़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी



यूरिया न मिलने से परेशान किसान आत्म हत्या के इरादे से रस्सी लेकर पेड़ पर चढ़ गया। जिससे हड़कंप मच गया। सूचना पर मौके पर पहुचें अधिकारियो ने किसान को समझा बुझा पेड़ से नीचे उतारा।

जानकारी के अनुसार चून्हेटिया ग्राम निवासी चंद्रभान सिंह राजपूत आत्मज सुंदरसिंह राजपूत बीते तीन दिनो से लगातार यूरिया लेने सुंदरम वेयर हाउस सिलवानी आ रहा था। लेकिन उसे यूरिपा नही मिल सका। परेशान किसान बुधवार को रस्सी लेकर वेयर हाउस के समीप लगे एक पेड़ चढ़ गया।

घटना की जानकारी मिलने पर नायब तहसीलदार गौरव शुक्ला एवं सिलवानी टीआई पूनम सविता मौके पर पहुंची और किसान को समझा बुझा कर नीचे उतारा और आश्वासन दिया कि शीघ्र ही उसे यूरिया उपलब्ध कराया जाएगा।

#### ई-टोकन से मिल पास से मिलता है यूरिया

किसानों को यूरिया वितरित किए जाने के लिए ई-टोकन पास प्रणाली लागू की गई है। किसान का ई-टोकन के लिए पंजीयन नहीं हो सका था। अब किसान का ई-टोकन पंजीयन हो गया है। पंजीयन दिनांक से 3 दिन बाद किसान को यूरिया उपलब्ध हो जाएगा।
**- हर्षल चौधरी,**
एसडीएम सिलवानी।

### ब्लॉक परिसर से निकाला पैदल मार्च

## किसान संगठन ने मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गैरतगंज



बुधवार को किसान संगठन ने अपनी मांगों को लेकर नगर के ब्लॉक ग्राउंड से पैदल मार्च करते हुए मुख्यमंत्री मोहन यादव के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। साथ ही कहा कि मांगों को जल्द पूरा नहीं किया तो आंदोलन किया जाएगा।

ज्ञापन में उल्लेख है कि हिनोतिया खालसा बांध का निर्माण कार्य विगत एक वर्ष से बंद है, जिसे शीघ्र प्रारंभ कराया जाए, ताकि हजारों किसानों को समय पर फसलों के लिए पर्याप्त सिंचाई जल उपलब्ध हो सके। चांदोनी गढ़ी सोसायटी के कई किसानों को झूठे कर्ज में फसाया गया है उनके साथ न्याय किया जाए।

ग्राम उसरमेटा गोपालपुर से गैरतगंज मार्ग बहुत क्षतिग्रस्त हो गया है एवं बीना नदी का पुल बहुत छोटा होने के कारण कम बारिश में ही उफान पर आ जाता है, जिससे कई किसान, ग्रामीण, मरीज एवं स्कूली बच्चों का रास्ता बंद हो जाता है। इस समस्या का समाधान शीघ्र करवाया जाए। इत्यादि मांगों के साथ अन्य मांगें भी शामिल हैं।

इस अवसर पर गगन गौर, लाई खान, सौरभ ठाकुर, देवेंद्र ठाकुर, हरनाम सिंह लोधी, ब्रज उइके, रजीत ठाकुर, विशाल ठाकुर, ब्रजेश लोधी, सुनील लोधी, बबलू लोधी, रामकेश लोधी, रईस खान, हसीव खान, अखलेश यादव, अभिषेक यादव, पुरुषोत्तम गौर आदि किसान शामिल रहे।

---

### खबर संक्षेप



#### पोस्ट आफिस गेट पर पलटा रेत से भरा डंपर

**रायसेन।** मंगलवार-बुधवार की रात में सागर मार्ग स्थित पोस्ट ऑफिस कार्यालय के गेट पर रेत से भरा डंपर जा पलटा। बताया जा रहा है कि स्कूल चालक को बचाने में डंपर अनियंत्रित हो गया, वहीं नाला निर्माण के लिए खोदे गए गड्ढे में पहिए फंसने से डंपर पलट गया। चालक ने कूद कर अपनी जान बचा ली। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई।

#### जिला पंचायत व सामान्य प्रशासन समिति की बैठक

**रायसेन।** जिला पंचायत की सामान्य सभा/सामान्य प्रशासन समिति की बैठक बुधवार को जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा की अध्यक्षता में सांची में आयोजित की गई। जिसमें गत बैठक में लिए निर्णय एवं निर्देशों का पालन प्रतिवेदन, वर्ष 2024-25 अंतर्गत 15वें वित्त की स्वीकृत कार्ययोजना एवं स्वीकृत कार्यो की भौतिक वित्तीय प्रगति, सहित विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन और प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में प्रभारी जिपं सीईओ मनोज उपाध्याय सहित जिला पंचायत सदस्य और अधिकारी उपस्थित रहे।

## संकल्प से समाधान अभियान में प्राप्त हुए 150 आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत नरखेड़ा में बुधवार को संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत आयोजित शिविर में ग्रामीणों की भारी सहभागिता देखने को मिली।

इस दौरान विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याओं को लेकर कुल 150 आवेदन प्राप्त हुए। नरखेड़ा सरपंच रामदयाल लोधी सचिव लक्ष्मी नारायण शाक्य ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्रामीणों ने मुख्य रूप से पेयजल, बिजली, आवास, सड़क, पेंशन, राशन कार्ड एवं अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित शिकायतें और मांगें रखीं।



मौके पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने कई आवेदनों का तत्काल निराकरण किया, जबकि शेष आवेदनों को शीघ्र समाधान के लिए संबंधित विभागों को अग्रेषित किया गया।

पंचायत प्रतिनिधियों ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का पारदर्शी एवं समयबद्ध समाधान करना है। ग्रामीणों ने भी अभियान की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के शिविरों से उन्हें अपनी बात सीधे प्रशासन तक पहुंचाने का अवसर मिलता है।

### न्याय की आस में भटक रही ग्राम सिहोरा इमलिया की गरीब दुखियारी 'मां'

## साहब... मेरी नाबालिग बेटी को ढूंढकर ला दो

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

'साहब, मेरी नाबालिग बेटी को जल्दी ढूंढकर ला दो' यह मार्मिक गुहार बुधवार की दोपहर को सिहोरा इमलिया गांव की एक गरीब मां ने लगाई। सिहोरा निवासी भारती धानक पति बलराम की बड़ी बेटी पिछले 28 दिनों से लापता है। बेटी बीते 28 दिसंबर की रात घर से बिना बताए अचानक गायब हो गई थी। तब से परिजन दर-दर भटक रहे हैं, लेकिन अब तक सैंडोरा पुलिस की कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी।

पीड़िता की मां भारती धानक और पिता बलराम ने पड़ोसन पप्पी बाई धानक, उसके पति प्रकाश धानक और उसके साले कृष्णकांत धानक (निवासी ब्यावरा) पर गंभीर शंका जताई है। परिजनों का कहना है कि यदि इनसे सख्ती से पूछताछ की जाए तो मामले का खुलासा हो सकता है।

नाबालिग के माता-पिता ने पड़ासियों पर लगाए आरोप कहा- पुलिस सख्ती से पूछताछ करे तो मामले का हो सकता है खुलासा



#### हर चौखट पर लगाई गुहार

परिजनों के मुताबिक उन्होंने सैंडोरा पुलिस चौकी, एसपी कार्यालय रायसेन, कलेक्टर की जनसुनवाई और सीएम हेल्पलाइन तक शिकायतें की हैं। लेकिन अब तक बेटी का कोई सुराग नहीं मिला। परेशान मां का आरोप है कि पुलिस चौकी से गैर-जिम्मेदाराना बयान मिला -पुलिस ने कहा 'लड़की की तलाश में 24 दिन भी लग सकते हैं और 24 साल भी।' ऐसे जवाबों ने परेशान दलित परिवार की पीड़ा और बढ़ा दी है।

#### रिश्तेदारों के घर- तलाश, फिर भी खाली हाथ

भारती और बलराम ने रिश्तेदारों के यहां भी बेटी की तलाश की, लेकिन कहीं सफलता नहीं मिली। बेटी को लेकर परिवार बेहद चिंतित है। उनका कहना है कि यदि समय रहते प्रभावी जांच और पूछताछ होती तो शायद अब तक बच्ची मिल चुकी होती।

दलित गरीब परिवार ने पुलिस व जिला प्रशासन से त्वरित और निष्पक्ष जांच, संदिग्धों से सघन पूछताछ और बेटी की सुरक्षित बरामदगी की मांग की है। पीड़ित दंपती का कहना है कि उन्हें केवल अपनी नाबालिग बेटी वापस चाहिए—इसी उम्मीद में वे आज भी न्याय की चौखट पर खड़े हैं।

## भगवान श्रीरामदेव सेवा दल समिति की ढोलाघाट मंदिर पहुंची पदयात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलामतपुर

भगवान श्री रामदेव सेवा दल समिति भोपाल के तत्वावधान में मंगलवार को भोपाल के गणेश मंदिर छोला नाका से झंडा लेकर निकाली गई पदयात्रा मंगलवार शाम करीब 7 बजे भोपाल विदिशा के ढोलाघाट मंदिर पहुंची। यहां ग्रामीणों एवं श्रद्धालुओं द्वारा पदयात्रा का ढोल-नगाड़ों और पुष्पवर्षा के साथ भव्य स्वागत किया गया।

उल्लेखनीय है कि यह पदयात्रा श्री श्री 1008 भगवान श्री रामदेव मंदिर, गंजबासौदा (जिला विदिशा) तक जाएगी। यह परंपरागत पदयात्रा पिछले लगभग 15 वर्षों से प्रतिवर्ष निकाली जा रही है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु आस्था के साथ सहभागी बनते हैं। पदयात्रा 23 जनवरी, बसंत पंचमी के दिन गंजबासौदा पहुंचेगी, जहां भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान पदयात्रा का स्वागत करने वालों में लक्ष्मी नारायण साहू, राकेश सोनी, अमित सक्सेना, संजय साहू, मुकेश जैन, महेश जैन, राहुल साहू, नरेश सोनी, सुरेश लोधी सहित अनेक ग्रामीण व श्रद्धालु उपस्थित रहे।

स्वागत कार्यक्रम के पश्चात पदयात्रा भगवान श्री रामदेव बाबा के जयकारों के साथ गंजबासौदा के लिए रवाना हुई।

#### हुआ भव्य स्वागत, बासौदा के लिए रवाना



---

## ऑल इंडिया मंसूरी समाज की बैठक 20 अप्रैल को होगा सामूहिक निकाह

### सामाजिक अतिथियों का हुआ सम्मान व स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाड़ी

आल इंडिया मंसूरी इज्तिमाई शादी प्रोग्राम कार्यक्रम को लेकर आयोजित बैठक आयोजित की गई। जिसमें सलीम मंसूरी प्रदेश सचिव के निज निवास में उपस्थित अतिथियों का सलीम मंसूरी द्वारा फूल मालाओं और पगड़ी पहना कर उनको सम्मानित किया गया। बैठक की अध्यक्षता जनाव मोहम्मद अहसान साहब राष्ट्रीय उपाध्यक्ष द्वारा की गई।

बैठक में आल इंडिया मंसूरी शादी प्रोग्राम समिति की बैठक में निर्णय और प्रस्ताव पारित किए गए। जिसमें नगर ब्लॉक एवं जिले के पदाधिकारी की उपस्थित रही 20 अप्रैल को आयोजित इज्तिमाई शादी प्रोग्राम पर सभी से सहमति उपरांत निर्णणय प्रस्ताव पारित किया गया।



इस अवसर पर मंसूरी समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जनाव मोहम्मद एहसान साहब, जनाव शेख अब्दुल अजीज प्रदेश अध्यक्ष, अब्बास मंसूरी साहब , शकील खां (खन्ना साहब), फारूक मंसूरी, जिला अध्यक्ष मुश्तताक मंसूरी, खलील मंसूरी, हनीफ मंसूरी रईस मसूरी, अनीस मंसूरी, रमजान मंसूरी सोनू मंसूरी, शब्बीर मंसूरी, ब्लॉक कमेटी से शहीद मंसूरी, उस्मान मंसूरी, सलाम मसूरी, अनीस मंसूरी, शाहरुख मंसूरी, अशफाक मंसूरी, शाहबाज मसूरी, ब्लॉक एवं जिला स्तर और प्रदेश स्तर के पदाधिकारी इस बैठक में मौजूद थे।

### जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस का हुआ आयोजन

## कहा- मतदाता सूची में भारी गड़बड़ी, जोड़े फर्जी नाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

बुधवार को शहर के कामधेनु शॉपिंग कॉम्प्लेक्स परिसर स्थित जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में एसआईआर में हुई भारी गड़बड़ी को लेकर कांग्रेसियों ने पहले प्रेस कांफ्रेंस आयोजित फिर एसडीएम कार्यालय पहुंचकर विरोध प्रदर्शन कर आपत्ति जताई।

मतदाता सूची में कथित गड़बड़ी को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के नेताओं ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। कांग्रेस नेताओं ने प्रेस कांफ्रेंस कर आरोप लगाया कि मतदाता सूची में फर्जी नाम जोड़े गए हैं और कई लोग जिले के बाहर के हैं। वहीं अल्पसंख्यक लोगों के वोटर लिस्ट से नाम साजिश के तहत काटे गए हैं।

इसे लोकतांत्रिक प्रक्रिया से छेड़छाड़ बताते हुए कांग्रेस ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग की है। प्रेस कांफ्रेंस में कांग्रेस पदाधिकारियों ने कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण के दौरान नियमों को ताक पर रखकर आपत्तियां लगाई गईं। कुछ आपत्ति कर्ताओं का जिले से कोई सरोकार नहीं है, इसके बावजूद उनके द्वारा दर्ज कराई गई आपत्तियों पर कार्रवाई की जा रही है, जो संदेह पैदा करती है।



कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने इस संबंध में एसडीएम रायसेन मनीष शर्मा को ज्ञापन सौंपते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और फर्जी आपत्तियों को निरस्त करने की मांग की। फर्जी शिकायतकर्ता ओ पर एफआईआर दर्ज कानूनी कार्रवाई कराने की मांग की गई है।

ज्ञापन में कहा है कि यदि समय रहते सुधार नहीं हुआ तो इसका सीधा असर चुनावी पारदर्शिता पर पड़ेगा। कांग्रेस नेताओं ने प्रशासन से आग्रह किया कि केवल स्थानीय और पात्र मतदाताओं से जुड़ी आपत्तियों पर ही विचार किया जाए तथा किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पाए जाने पर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन तेज किया जाएगा।

ज्ञापन में बताया है कि हाल ही में जारी हुई मतदाता सूची में भाजपा ने षड्यंत्र रचकर काफी अल्पसंख्यक मतदाताओं के नाम काटे गए हैं भाजपा के नेताओं और आरएसएस की यह सोची समझी साजिश है। जो व्यक्ति जिला मुख्यालय से 50 किलोमीटर दूर गैरतगंज रहता है। भला वह किसी की आपत्ति करने रायसेन शहर क्यों आएगा। यह सब कुछ फर्जीवाड़ा उजागर हो चुका है। ऐसी स्थिति में चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

इस अवसर पर मनोज अग्रवाल, प्रभात चावला, राजू महेश्वरी, प्रेमनारायण मीणा, मजहर कबीर, जावेद अहमद खान, कामता प्रसाद राजोरिया सहित अन्य उपस्थित रहे।